राज्यपाल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया 25-1-2017

पंचकूला, 25 जनवरी- हरियाणा के राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के ऑडिटोरिय में सातवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चुनाव विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं तथा बूथ लेवल अधिकारियों को सहरानीय कार्य के लिए पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

राज्यपाल ने निर्वाचन विभाग द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय स्तर पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय सालाखेडी नूहं की प्रिंयका, राजकीय महाविद्यालय पीजी अंबाला केंट की सोनम, आर्य कन्या कॉलेज शाहबाद की रिचा को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए क्रमश: 5 हजार, 3 हजार व 2 हजार रुपये का इनाम देकर सम्मानित किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में वाईस कॉलेज रोहतक की ईशा, राजकीय महाविद्यालय पीजी अंबाला केंट की शिवम व अहिर कॉलेज रेवाड़ी की सुनीता को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए क्रमश: 3 हजार, 2 हजार व 1 हजार रुपये का इनाम दिया। स्कूल स्तर पर निबंध लेखन में टीआईटी सीनियर सकेंडरी स्कूल भिवानी के साहिल व राजकीय सीनियर सकेंडरी स्कूल मंगोली कुरुक्षेत्र की आरती को प्रथम व द्वितीय के लिए क्रमश: 3 हजार व 2 हजार रुपये देकर सम्मानित किया।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में निबंध लेखन में बरवाला कॉलेज की रजनी को प्रथम, सेक्टर-14 राजकीय कन्या महाविद्यालय की अंकिता को द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया। इसी प्रकार वाद विवाद प्रतियोगिता में राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 की अंकिता को प्रथम जबकि राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-1 के हिमांशु व रामप्रसाद को क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया। मेंहदी प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय बरवाला की नेंसी को तृतीय तथा सेक्टर-14 राजकीय कन्या महाविद्यालय की दीक्षा एवं उषा का प्रथम व द्वितीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में बरवाला कॉलेज की शिल्पा व मनोरमा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

पंचकूला, 25 जनवरी- हरियाणा के राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने कहा है कि यदि हम देश के भविष्य को उज्ज्वल देखना चाहते है तो इसके लिए हमें स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के माहौल को देखने के साथ साथ वहां की गुणवत्ता शिक्षा का भी आंकलन करना होगा, तभी हम देश के उज्ज्वल भविष्य को साकार करने में सक्षम होंगे।

ये बात हरियाणा के राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने बुधवार को सेक्टर-14 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के सभागार में सातवें राज्यस्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का बड़ा प्रजातांत्रिक देश है व यहां पर चुनाव प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाई जाती है। यही कारण है कि विश्व के अनेक प्रगतिशील देश भी हमारी चुनाव प्रक्रिया को देखते हैं तथा उसका अनुसरण करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत चुनाव आयोग ने 25 जनवरी 2011 को अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण करने पर राष्ट्रपति ने प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी, जिसके फलस्वरूप आज हम सातवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहे हैं, जो खंड, जिला व राज्य स्तर पर आयोजित किए जा रहे है। भारत वर्ष दुनिया का पहला देश है जिसके संविधान में सर्वप्रथम महिला एवं पुरुष दोनों को एक समान मत देने का अधिकार दिया।

उन्होंने कहा कि आयोग के दिशा-निर्देशानुसार समय-समय पर जागरुकता अभियान भी चलाया जाता है और युवाओं को वोट बनवाने और वोट डालने के लिए जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि युवा वोट डालने के प्रति जागरूक हुए है और वे वोट डालने में रूचि लेते हैं। इसके साथ-साथ युवा अच्छे उम्मीदवार के बारे में सोच समझकर वोट देते है, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त होता है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निष्पक्ष व समय पर चुनाव करवाने के लिए हरसंभव प्रयास किये हैं जिनका उदाहरण फोटोयुक्त मतदाता सूची, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का चुनाव में सफलतापूर्वक प्रयोग किया है, जिससे दुनिया के कई प्रगतिशील देश भी हैरान हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र तक भी पहुंचा है और वहां पर बूथ लेवल अधिकारी उनका वोट बनाने के लिए उन्हें जागरूक ही नहीं कर रहे अपितु उनके घर जाकर इस दिशा में पर्ची भी उन्हें प्रदान कर रहे है, जो इस दिशा में अच्छा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार मतदाताओं को डर एवं प्रलोभवन की दृष्टि से अपनी ओर आकृर्षित करती है तो इसका परिणाम यह है कि हमारे मतदाता अपने दायित्व का ठीक से निर्वहन नहीं करते। यदि मतदाता अपने विचार, इच्छाओं को नियंत्रण में रखते हुए बेहतर सरकार का चुनाव करते है तो यह समझा जाता है कि हमारे मतदाता योग्य एवं सशक्त है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों के लिए अनेकों समाज कल्याण स्कीमें चला रही है और अब सरकार राज्य का रैजिडेंस डाटाबेस स्कीम बना रही है, जिसके तहत जन्म से ही पंजीकृत कर उसे आधार लिंक से जोड़ेंगी, जिससे की वह 18 वर्ष की आयु होने पर अपने आप वोट बन जाएगा, उसे कही पर आवेदन नहीं करना पड़ेगा।

हरियाणा के मुख्य सचिव डीएस ढेसी ने कहा कि आज का दिन एक महत्वपूर्ण दिन है। हर वर्ष 25 जनवरी को गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व पूरे राष्ट्र में मतदाता दिवस मनाया जाता है। गत वर्ष इसी दिन राष्ट्रीय मतदाता दिवस करनाल में दयाल कॉलेज में मनाया गया था और राज्यपाल इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि थे। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा प्रजातंत्र देश है और इसमें युवाओं की सबसे अधिक भागीदारी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 18 से 19 साल के सवा लाख युवा मतदाता है। 20 से 29 वर्ष के 39 लाख और 30 से 39 वर्ष के भी इतने ही युवा मतदाता है। उन्होंने कहा कि हम सबको अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए तभी अपने लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि 61 वें संशोधन में मतदाता की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष की गई है। युवा वर्ग को जागरूक करने के लिए शिक्षण संस्थानों मे ंइस प्रकार के जागरूकता शिविर निर्वाचन विभाग द्वारा लगाए जाते है ताकि यह युवा वर्ग प्रजातंत्र में बढ़चढ़ कर भाग लें।

इस मौके पर हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अंकुर गुप्ता ने अपने स्वागतीय भाषण में बोलते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य विषय युवा और भावी मतदाताओं का सशक्तीकरण रहा है। यह दिवस मतदान केंद्र स्तर से लेकर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जिला स्तर, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। बूथ लेवल अधिकारी के द्वारा अपने-अपने मतदान केंद्र स्तर पर निर्वाचक पंजीयन अधिकारी द्वारा, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा, जिला स्तर पर मुख्यनिर्वाचन अधिकारी द्वारा, राज्य स्तर पर तथा भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। उन्होंने राज्य

निर्वाचन आयोग की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने- हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते है कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, की शपथ दिलवाई।

इससे पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने स्कूली बच्चों की राष्ट्रीय मतदाता दिवस जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया तथा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करने उपरांत दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पंचकूला उपायुक्त गौरी पराशर जोशी ने राज्यपाल व अन्य आए मेहमानों का जिला प्रशासन की ओर से आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक ज्ञानचंद गुप्ता, राज्यपाल के सचिव अमित अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी तिलक राज, एसडीएम पंचकूला जगदीप ढांडा, कालका आशुतोष राजन, नगर निगम मेयर उपेंद्रकौर आहलुवालिया, भाजपा प्रधान दीपक शर्मा, महामंत्री हरेंद्र मलिक, कॉलेज की वाईस प्रिंसीपल सरोज बिश्नोई, कॉलेज के शिक्षक एवं विद्यार्थियों सहित निर्वाचन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय समारोह
25 जनवरी
राष्ट्रीय
मतदाता
दिवस

दिवस
2017
हरियाणा
सरकार

“युवा और भावी मतदाताओं का सशक्तिकरण”
7वां राज्य स्तरीय समारोह

रैली
जनवरी
युवा मतदाता जब
वोट डालने जाएगा !
सच्चे अर्थो मे तभी
राष्ट्र निर्माता कहलाएगा !!